प्रश्न सं. 1:- दिए गए पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो | 5

कहि रहीम संपति सगे , बनत बहुत बहु रीत |
बिपति कसौटी जे कसे , तेई साँचे मीत ||
तरुवर फल नहीं खात है , सरवर पियत न पान |
कहि रहीम परकाज हित , संपति-सचही सुजान ||

1-लोग कब सगे बनने का प्रयास करते हैं?

क- जब संपति पास होती है ग- जब दुःख होता है

ख- जब समस्या होती है घ- इनमे से कोई नहीं

2- साँचा मीत किसे कहा गया है ?

क- सच बोलने वाला ग- संपति हड़पने वाला

ख- विपत्ति कसौटी पर खरा उतरने वाला घ- इनमें से कोई नहीं

3- तरुवर क्या नहीं खाते ?

क- फल ख- जल ग- फूल घ- धन

4- नदियाँ क्या नहीं पीती ?

क- फल ख- जल ग- फूल घ- धन

5- बुद्धिमान व्यक्ति किसके लिए संपत्ति जोड़ते है ?

क- अपने लिए ग- दूसरों की भलाई के लिए

ख- परिवार के लिए घ- इनमें से कोई नहीं

प्रश्न सं. 2:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो | 5

पिछले दस-पंद्रह वर्षों में हमारी खान-पान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है | इडली-डोसा-बड़ा-सांभर-रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है | ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की ढाबा संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है, उत्तर भारतीय रोटी-दाल-साग आपको मिल ही जाएंगी | इस फास्ट-फूड (तुरंत-भोजन) का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है | इस फास्ट-फूड में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीजें शामिल है |

एक जमाने में कुछ ही लोंगों तक सीमित चाइनीज नूडल्स अब संभवतः किसी के लिए अजनबी नहीं रहे |

1 -किस बात में बदलाव आया है ?

क- खान-पान की संस्कृति में ग- वेशभूषा में

ख- सोचने-विचारने में घ- इन सभी में

2- ढाबा संस्कृति कहाँ तक फैल चुकी है ?

क- दक्षिण भारत तक ग- उत्तर भारत तक

ख- पूरे देश में घ- कहीं नहीं

3- बड़े शहरों में किसका प्रचलन बढ़ा है ?

क- फास्ट-फूड का ग- सांभर-डोसा का

ख- डाल-रोटी का घ- खान-पान का

4- क्या चीज अब अजनबी नहीं रही ?

क- नूडल्स ख- दही-भल्ले ग- डोसा घ- छोले-भटूरे

5- दिए गए गद्यांश के पाठ का नाम बताओ |

प्रश्न सं.3- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो (2*5=10)

क- आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी कि क्या दशा हुई ?

ख- खान-पान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ?

ग- मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए ?

घ- घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए आस-पास के लोंगो ने क्या किया ?

ङ- खान-पान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?

प्रश्न.सं.4- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो 5

क- दिए गए मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए|

दाँतों तले ऊँगली दबाना

ख- दिए गए विशेषण को वाक्य में प्रयोग कीजिए|

ठंडी अँधेरी रात

ग- दिए गए शब्दों को खाली स्थान में भरो |

छप से , टप से , फुर्र से , सन्न से

1- मेंढक पानी में ...... कूद गया |

2- पानी की एक बूँद ....चू गई |

3- चिड़िया ....उड़ी .

4- ठंडी हवा ....गुजरी .

घ- "भला-बुरा" शब्द को वाक्य में प्रयोग कीजिए

प्रश्न.सं.5- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो (1*5=5)

क.- अज्ञातवास के समय भीम सेन किस नाम से रहते थे और क्या काम करते थे?

ख- महाभारत के युद्ध में अर्जुन ने अपना सारथी किसे चुना ?

ग.- पांडवों ने अपना सेनापति किसे बनाया ?

घ- दुर्योधन की सेना का नेतृत्व किसने किया ?

ड- महाभारत के युद्ध से पहले शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर कौन गया था?

प्रश्न.सं.6- आपके विद्यालय में बालदिवस मनाया गया उस पर 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखो . 5

अथवा

अपने विद्यालय पर 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखो .

प्रश्न.सं.7- बहन की शादी में सम्मिलित होने हेतु प्राचार्य को 5 दिन के अवकाश के लिए पत्र लिखो . 5